>

Title: Need to clear the arrears of wages of retired employees of the Heavy Engineering Corporation Limited, Dhurwa, Jharkhand.

m01

श्री मुंशी राम (बिजनौर) : महोदय, एशिया के महानतम लोक उपक्रम एच.ई.सी.िल. धुर्वा रांची, झारखंड जिसमें सन 1962-63 में 15000 कर्मचारी काम करते थे, वे पिछले 15 सालों से अपने सेवा काल का वेज एरियर (सन 1992-1996) प्रबंधन से मांग रहे हैं। सन 2006 में प्रबंधन ने वेज एरियर देने का फार्मूला बनाया, जिसके अनुसार 6000 कर्मचारियों को बिना ब्याज का पेमेंट कर दिया तथा शेष 8000 कर्मचारियों को यह कहकर कि झारखंड सरकार से पैकेज बहुत जल्द मिलने वाला है, उसी से भुगतान कर देंगे, परंतु प्रबंधन ने उनका भुगतान आज तक नहीं किया है। यह लगभग 15000 कर्मचारियों के परिवार के भविष्य एवं जीविका का मामला है जो काफी गंभीर है जिसे विशेष पैकेज के माध्यम से भारत सरकार द्वारा निपटान किये जाने की आवश्यकता है।

मैं इस सदन के माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि एच.ई.सी.िल. रांची, झारखंड के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का भुगतान ब्याज सहित अतिशीघ्र किया जाये जिसके कारण लगभग 15000 परिवार प्रभावित हो रहे हैं।